संदर्भ सं.: आईआरडीएआई/एनएल/सीआईआर/एमआईएससी/153/05/2021

Ref NO.: IRDAI/NL/CIR/MISC/153/05/2021 **दिनांक / Date : 29-05-2021**

परिपत्र / Circular

सभी साधारण बीमा कंपनियों और स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के सभी सीईओ/सीएमएडी

All CEOs /CMDs of all General Insurance Companies and Stand-Alone Health Insurance Companies

विषय : आपदा प्रभावित क्षेत्रों में चक्रवात ताउते और चक्रवात यास पीड़ितों के बीमा दावों पर दिशानिर्देश

Re: Guidelines on Insurance claims of victims of CycloneTauktae and Cyclone Yaas in the calamity affected areas.

जैसा कि आप जानते हैं, चक्रवात ताउते और चक्रवात यास ने देश के कुछ भागों में संपत्ति को नुकसान पहुँचाया है। साधारण बीमाकर्ताओं ने प्रभावित क्षेत्रों में स्थित जान-माल और संपत्तियों की सुरक्षा के लिए पॉलिसियाँ जारी की होंगी। इसलिए बीमा उद्योग के लिए आवश्यक है कि वे प्रभावित बीमित आबादी की कठिनाइयों को कम करने के लिए तत्काल ऐसा कदम उठाएं और योग्य दावों को तुरंत पंजीकरण करें और उनका निपटान सुनिश्चित करें।

As you are aware, cyclone Tauktae and cyclone Yaas have caused loss to property in some parts of the country. The General Insurers may have issued policies for protection of lives and property located in the affected areas. There is an urgent need for the insurance industry to take immediate steps to mitigate the hardships of the affected insured population by ensuring immediate registration and settlement of eligible claims.

2. आपको सलाह दी जाती है कि निम्न दिए गए बिंदुओं के अनुसार दावों का त्वरित पंजीकरण करें और निपटान हेतु आवश्यक कदम उठाएं:

You are advised to initiate immediate steps for quick registration and disposal of claims on the following lines: -

क. कृपया कंपनी स्तर पर एक वरिष्ठ अधिकारी को नामित करें जो प्रभावित राज्यों के लिए एक नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। नोडल अधिकारी सभी पात्र दावों की प्राप्ति, प्रसंस्करण और निपटान का समन्वय करेंगे। नोडल अधिकारी को तत्काल हीं राज्य सरकार के नामित अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए और उसके बाद भी उनके साथ नियमित संपर्क में बने रहना चाहिए।

a. Please nominate a senior officer at the company level who would act as a Nodal Officer for the affected states. The Nodal Officer would be coordinating the receipt, processing, and settlement of all eligible claims. The Nodal officer should contact the designated officers of the State Govt. immediately and be in regular contact thereafter.

ख. यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि सभी दावों का तुरंत सर्वेक्षण किया जाए और यथाशीघ्र दावों के भुगतान/खातों में भुगतान का वितरण हो सके और किसी भी स्थिति में भुगतान निर्धारित समय-सीमा बाद न करना पड़े।

b. It needs to be ensured that all claims are surveyed immediately and claim payments/on account payments are disbursed at the earliest and in any case not exceeding the stipulated time-line.

ग. आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में सर्वेक्षकों को तत्काल कार्य पर लगाया जाए।

c. Adequate number of surveyors may be engaged immediately as required.

घ. आपसे यह भी अनुरोध किया जाता है कि आप व्यापक जागरूकता अभियान शुरू करें, जो आपके द्वारा किए गए उपायों को विधिवत रेखांकित करते हैं ।

d. You are also requested to launch extensive awareness campaign duly highlighting the measures taken by you.

ङ. कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी को ध्यान में रखते हुए, बीमाकर्ता पॉलिसीधारकों को दावे की सूचना देते समय और सभी संबंधित दस्तावेजों को दाखिल करते समय पत्राचार के लिए जहां भी संभव हो, इलेक्ट्रॉनिक संचार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा कि दावों के आकलन के लिए यथासंभव डिजिटल प्रक्रियाओं का सहारा लिया जाए।

e. In view of Corona Virus (Covid-19) pandemic, the Insurers shall encourage the policyholders to use electronic communication wherever possible for correspondence while intimating the claim and filing all the relevant documents. Efforts shall be made to ensure that digital processes are resorted to the extent possible for assessment of claims.

3. हम आपसे अनुरोध करते है कि चक्रवात प्रभावित क्षेत्रों में दावों के निपटान में तेजी लाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं और उपर्युक्त सूचित अनुसार उसका विवरण प्रस्तुत करें।

We request you to take urgent steps for expeditious settlement of claims in the cyclone hit areas and submit details of the same as advised above.

हस्ताक्षरित / Sd/-

(यज्ञप्रिया भरत/ Yegnapriya Bharath)

मुख्य महाप्रबंधक (गैर-जीवन) / Chief General Manager (Non-Life)